# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में स्नातक (कृषि) सम्बन्धित परीक्षा, मूल्यांकन व ग्रेडिंग प्रणाली के सुधार/निर्धारण से सम्बन्धित गठित समिति की विस्तृत रिपोर्ट

## A. स्नातक परीक्षा से सम्बन्धित नियम

1. बी०एस०सी० कृषि से सम्बन्धित विषय कोड– Alpha-Numeric होने चाहिये। जिनमें प्रथम तीन अक्षर उस विषय को व तीन आंकिक अक्षर सेमेस्टर व कोर्स को प्रदर्शित करेगें। उक्त प्रणाली उत्तर प्रदेश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा अंगीकार की गयी है।

**Example** – एग्रोनोमी तृतीय सेमेस्टर कोर्स, निर्धारित कोड– AGR -211

हार्टीकल्चर द्वितीय सेमेस्टर कोर्स, निर्धारित कोड– HOR -121

कीट विज्ञान पंचम सेमेस्टर कोर्स, निर्धारित कोड– ENT -312

2. पेपर कोड, प्रयोगात्मक परीक्षा कोड व विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तिम परीक्षा कोड एक ही रखें जायें। जिससे कि मूल्यांकन से सम्बन्धित विसंगतियां उत्पन्न न हों।

3. सभी विषय 100 अंकों के होगें जिससे कि ग्रेड पाइंट के आवंटन व बदलाव में असुविधा न हों। अंकों का निर्धारण व आवंटन निम्न प्रकार से होगा –

3.1 लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा वाले विषयों में –
- 25 अंक – आंतरिक परीक्षा
- 25 अंक – प्रयोगात्मक परीक्षा
- 50 अंक – वाह्य/विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तिम परीक्षा

3.2 केवल लिखित परीक्षा वाले विषयों में –
- 50 अंक – आंतरिक परीक्षा
- 50 अंक – वाह्य/विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तिम परीक्षा

3.3 केवल प्रयोगात्मक परीक्षा वाले विषयों में –
- 50 अंक – आंतरिक परीक्षा
- 50 अंक – प्रयोगात्मक परीक्षा

3.4 Non-Gradial विषयों की परीक्षा उपरोक्त आधार पर ही की जायेगी ।

मूल्यांकन से सम्बन्धित नियम –

4.1 प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण होने के लिये परीक्षार्थी को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक/5.0 ग्रेड पांइट (आंतरिक + प्रयोगात्मक + वाह्य/विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तिम परीक्षा) प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की दशा में परीक्षार्थी उक्त विषय में अनुत्तीर्ण माना जायेगा।

4.2 किसी भी विषय में अनुत्तीर्ण होने की दशा में उस सेमेस्टर के अंक पत्र में उस विषय के सम्मुख **F** प्रदर्शित किया जायेगा।

4.3 सभी विषयों की परीक्षा के सभी उपखण्डों (आंतरिक+प्रयोगात्मक+वाह्य/विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तिम परीक्षा) में अलग–अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक नहीं होगा।

4.4 किसी भी विषय में अनुउत्तीर्ण हुए छात्र को बैक पेपर अगले वर्ष के उसी सेमेस्टर के छात्रों के साथ देना होगा। सभी विषयों के बैक पेपर परीक्षार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपाधि प्राप्त करने की अधिकतम समय सीमा के भीतर उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

4.5 विद्यार्थी को वर्तमान विषम सेमेस्टर से सम सेमेस्टर में सदैव प्रोन्नत किया जायेगा। यद्यपि विषम सेमेस्टर का परिणाम कुछ भी हो।

4.6 प्रत्येक सम सेमेस्टर के उपरान्त परीक्षार्थी का CGPA यदि 4.0 से कम पाया जाता है तो उसे किसी भी दशा मे अगले वर्ष के विषम सेमेस्टर में प्रोन्नति नहीं मिलेगी। उक्त दशा में परीक्षार्थी का Year बैक माना जायेगा तथा वह उसी वर्ष के विषम सेमेस्टर में पुनः प्रवेश लेगा।

4.7 Non-Gradial विषयों के अंक पत्र में अंकित तो होगें लेकिन अंतिम गणना में उन्हें जोडा नहीं जायेगा। परीक्षार्थी को उक्त विषयों की परीक्षा 5.0 जी0पी0ए0/50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करना अवश्यक होगा। परीक्षा परिणाम में ग्रेड वैल्यु के स्थान पर संतोषजनक (S) या असंतोषजनक (NS) अंकित किया जायेगा।

4.8 किसी भी विषय में कोई भी कृपांक देय नहीं होगा।

## C. ग्रेडिंग प्रणाली से सम्बन्धित नियम –

1. ग्रेडिंग प्रणाली के सम्बन्ध में 5 वीं डीन कमेटी व भारतीय कृषि एवं अनुसंधान परिषद द्वारा जारी दिशा निर्देशों की अनुशंसा को बिना किसी परिवर्तन/आंशिक परिवर्तन के साथ माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकार किया जाये। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है –

सारणी – 1

| डिग्री | प्राप्त किये गये अंकों का प्रतिशत | औसत ग्रेडिंग अंक (जी0पी0ए0) |
|---|---|---|
| स्नातक उपाधि हेतु | 100 | 10.00 |
| | 90.00 से 99.99 | 9.00 से 9.99 |
| | 80.00 से 89.99 | 8.00 से 8.99 |
| | 70.00 से 79.99 | 7.00 से 7.99 |
| | 60.00 से 69.99 | 6.00 से 6.99 |
| | 50.00 से 59.99 | 5.00 से 5.99 |
| | 50.00 से कम | 5.00 से कम |
| नोट – किसी भी विषय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति मानक से कम उपस्थिति होने पर परीक्षार्थी को उस विषय में फेल माना जायेगा। | | |

उदाहरण – किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी विषय में यदि 80.50 प्रतिशत अंक आते हैं तो उसका उस विषय में ग्रेडिंग अंक 8.05 होगा।

2. ग्रेडिंग प्रणाली निम्न प्रकार से प्रदर्शित होगी –

सारणी – 2

| जी0पी0ए0 | श्रेणी |
|---|---|
| 8.00 या अधिक | Ist with Distinction |
| 7.00 से 7.99 | Ist |
| 6.00– से 6.99 | IInd |
| 5.00–5.99 | Pass |
| 5.00 से कम | Fail (F) |

**Example For Calculation Of SGPA :**

| Course | Code | Credit | Maximum Marks | | | | Obtained Marks | | | | Grade Point | Grade Value |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Internal | Practical | External | Total | Internal | Practical | Final | Total | | |
| **Fundamentals of Agronomy** | AGR - 111 | 3(2+1) | 25 | 25 | 50 | 100 | 15 | 20 | 40 | 75.00 | 7.50 | 22.50 |
| **Fundamentals of Genetics** | GPB - 111 | 3(2+1) | 25 | 25 | 50 | 100 | 17 | 22 | 35 | 74.00 | 7.40 | 22.20 |
| **Fundamentals of Horticulture** | HOR - 111 | 3(2+1) | 25 | 25 | 50 | 100 | 18 | 21 | 36 | 75.00 | 7.50 | 22.50 |
| **Fundamentals of Extension Education** | AEX - 111 | 2(2+0) | 50 | 00 | 50 | 100 | 40 | 00 | 45 | 85.00 | 8.50 | 17.00 |
| **Soil & Water Conservation** | SWC - 111 | 3(2+1) | 25 | 25 | 50 | 100 | 19 | 25 | 35 | 79.00 | 7.90 | 23.70 |
| **Fundamentals of Animal Husbandry** | AHD - 111 | 2(1+1) | 25 | 25 | 50 | 100 | 18 | 21 | 36 | 75.00 | 7.50 | 15.00 |
| **Fundamentals of Entomology** | ENT - 111 | 3(2+1) | 25 | 25 | 50 | 100 | 15 | 25 | 41 | 81.00 | 8.10 | 24.10 |
| **Organic Farming** | AGR - 112 | 2(0+2) | 50 | 50 | 00 | 100 | 40 | 43 | 00 | 83.00 | 8.30 | 16.60 |
| **Fundamentals of Ethics** | ETH - 111 | NG | 25 | 25 | 50 | 100 | 15 | 25 | 40 | 80.00 | 8.00 | S |
| **Grand Total** | | 21 | | | | | | | | | | 163.6 |

** Grade value = Grade point × no. of credit

The Semester Grade Point Average (SGPA) = Total grade value/Total Credits = 163.6/21 = 7.79 [ In a semester]

**Note** – Take only two digits after decimal all calculations.

Similarly :

- The Cumulative Grade Point Average (CGPA) = Total grade value/Total credits [In all the semesters till now]

**Calculation of CGPA**

| Semesters 1 | Semesters 2 | Semesters 3 | Semesters 4 |
|---|---|---|---|
| Credits : 21<br>SGPA : 7.79 | Credits : 24<br>SGPA : 6.08 | Credits : 25<br>SGPA : 8.90 | Credits : 21<br>SGPA : 7.22 |

- Thus, **CGPA** = (7.79 × 21 + 6.08 × 24 + 8.90 × 25 + 7.22 × 21)/91 = 683.63/91 = 7.51
- Hence, **equivalent percentage** = (7.51 × 10) = **75.10%**
- And **Division** will be **First**

**Grade Point -** Numerical Value of the Grade earned in a subject multiplied by the number of the credits carried by the course.

**Average Grade Point** -Total grade point earned in a semester divided by total credits offered.

3. **SGPA** एवं **CGPA** की गणना निम्नवत सारणी 3 में दिये गये सूत्रों से की जायेगी –

**सारणी 3 : SGPA एवं CGPA की गणना के लिये सूत्र**

| | |
|---|---|
| $j^{th}$ सेमेस्टर के लिये :<br><br>SGPA (Sj) = Σ (Ci×Gi)/ Σ Ci | यहाँ पर<br>Ci= number of credits of the ith course in jth semester.<br>Gi = grade point scored by the student in the ith cource in jth semester.<br>Sj = SGPA of the jth semester.<br>Cj = Total number of credits in the jth semester. |
| CGPA = Σ (Cj×Sj)/ Σ Cj | |

4. **CGPA** को प्रतिशत अंकों में निम्नलिखित सूत्र के अनुसार परिवर्तित किया जायेगा।

**समतुल्य प्रतिशत = CGPA × 10**

5. **SGPA/CGPA** की गणना छात्र/छात्रा द्वारा परीक्षा फार्म में भरे गये पेपर्स के कुल ग्रेड वैल्यू को कुल क्रेडिट से भाग देकर की जायेगी।

**नोट – प्रतिवेदन में प्रदर्शित विभिन्न संक्षिप्त रूपों का पूर्ण रूप**

| | |
|---|---|
| F- | Fail |
| S- | Satisfactory |
| NS - | Non-Satisfactory |
| NG- | Non-Gradial |
| GPA - | Grade Point Average |
| SGPA - | Semester Grade Point Average |
| CGPA - | Cumulative Grade Point Average |
| OGPA- | Over All Grade Point Average |

**(डॉ0 विजय कुमार,)**
**सी0सी0 आर0 डी0,**
**कॉलेज, मुजफ्फरनगर**

**(डॉ0 चन्द्रशेखर)**
**गोचर महाविद्यालय**
**रामपुर मनिहारान**
**सहारनपुर।**

**(डॉ0 वाई0के0 शर्मा)**
**गोचर महाविद्यालय**
**रामपुर मनिहारान**
**सहारनपुर।**

**(डॉ0 आलोक पाण्डेय)**
**गोचर महाविद्यालय**
**रामपुर मनिहारान**
**सहारनपुर**

**(डॉ0 प्रशान्त मिश्रा)**
**सरदार वल्लभ भाई पटेल**
**कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय**
**मेरठ**